पर्यावरण संरक्षण हेतु अनुबंध

वानिकी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के क्रम में हेतु दिनांक 01.08.2023 को भा.वा.अ.शि.प.–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के मध्य एक अनुबंध स्थापित किया गया। अनुबंध का मुख्य उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वानिकी गुणवत्ता सुधार के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रम में साझेदारी को बढ़ावा देना है। अनुबंध पत्र पर विश्वविद्यालय परिसर के अंतर्गत कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह की उपस्थिति में डॉ. संजय सिंह, केन्द्र प्रमुख, भा.वा.अ.शि.प.–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र एवं कर्नल विनय कुमार, कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो0 पी0 पी0 दुबे, प्रो0 विनोद कुमार गुप्ता, डॉ0 दिनेश सिंह, डॉ0 पी0सी0 श्रीवास्तव एवं पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 अनीता तोमर एवं श्री आलोक यादव उपस्थित रहे। उक्त अनुबंध के आधार पर दोनो संस्थाएं विश्वविद्यालय परिसरों एवं आस–पास के क्षेत्रों में वानिकी को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बल प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगी।

उ० प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
प्रयागराज

उ० प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
प्रयागराज

उ० प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

मुक्त विवि ने किया एमओयू

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय और आईसीएफआरई इको रिहैबिलिटेशन सेंटर प्रयागराज के मध्य मंगलवार को एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। दोनों संस्थाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करेंगी।

मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह की उपस्थिति में अनुबंध पत्र पर आईसीएफआरई के निदेशक डॉ. संजय सिंह एवं मुक्त विवि के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने हस्ताक्षर किए।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो. पीपी दुबे, प्रो. विनोद कुमार गुप्ता, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. पीसी श्रीवास्तव और आईसीएफआरई की डॉ. अनिता तोमर एवं डॉ. आलोक कुमार उपस्थित रहे। ब्यूरो

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

पर्यावरण संरक्षण के लिए किया एमओयू

PRAYAGRAJ (1 Aug): उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं आईसीएफआरई इको रिहैबिलिटेशन सेंटर, प्रयागराज के मध्य मंगलवार को एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया. दोनों संस्थाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करेंगी. मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह की उपस्थिति में उक्त अनुबंध पत्र पर आईसीएफआरई के निदेशक डॉ संजय सिंह एवं मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार द्वारा हस्ताक्षर किया गया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पीपी दुबे, प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता, डॉ दिनेश सिंह, डॉ पीसी श्रीवास्तव एवं आईसीएफआरई की डॉ अनिता तोमर एवं डॉ आलोक कुमार उपस्थित रहे. उक्त अनुबंध के आधार पर दोनों संस्थाएं विश्वविद्यालय परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण को बल प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगी.